फ़ा. संख्या- ई-22012-1/हिन्दी पखवाड़ा/रा.भा./2020

भारत सरकार

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

राजभाषा अनुभाग

डाक भवन, संसद मार्ग,

नई दिल्ली- 110001

दिनांक- 10 सितंबर, 2020

कार्यालय ज्ञापन

विषय- 14 सितंबर, 2020 को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के अवसर पर सचिव (डाक) महोदय के संदेश को जारी करने के संबंध में।

सरकारी कामकाज़ में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के प्रयोजन से हमेशा की भांति इस वर्ष भी डाक विभाग, मुख्यालय सहित सभी डाक सर्कल कार्यालयों आदि में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा । डाक विभाग, मुख्यालय में यह पखवाड़ा 12 सितंबर, 2020 से 26 सितंबर, 2020 तक मनाया जाएगा।

2. उल्लेखनीय है कि इस दौरान माननीय गृह मंत्री, माननीय गृह राज्य मंत्री, सचिव (डाक), सचिव (राजभाषा) आदि के संदेश इस उद्देश्य के साथ डाक विभाग के सभी अनुभागों एवं डाक विभाग के अधीनस्थ समस्त डाक सर्कल कार्यालयों आदि को परिचालित किए जाते हैं ताकि सभी कार्मिक राजभाषा विभाग के समस्त नियमों एवं अनुदेशों का अनुपालन करते हुए अपना समस्त कार्य हिन्दी में करें।

3. उपर्युक्त के दृष्टिगत हिंदी दिवस के अवसर पर सचिव (डाक) का संदेश डाक विभाग के सभी अनुभागों सहित समस्त डाक सर्कल कार्यालयों आदि में परिचालित करवाया जा रहा है जिसकी प्रति इस कार्यालय ज्ञापन के साथ संलग्न है।

सुनीता 10/9/2020

(सुनीता सिंह)

उप निदेशक (राजभाषा)

प्रति

1. डाक विभाग के सभी अनुभाग।
2. जी ए प्रशासन अनुभाग को इस अनुरोध के साथ कि वे इस कार्यालय ज्ञापन को ई ऑफिस पर अपलोड करने की व्यवस्था कर दें।
3. सभी डाक सर्कलों के अध्यक्ष/ निदेशक, समस्त डाक प्रशिक्षण केंद्र/ निदेशक, डाक अकादमी/ मुख्य महा प्रबन्धक, डाक जीवन बीमा निदेशालय, नई दिल्ली।
4. महाप्रबन्धक, सी ई पी टी, मैसूर को इस अनुरोध के साथ कि इस कार्यालय ज्ञापन को डाक विभाग की वैबसाइट पर अवश्य अपलोड करा दें और हिन्दी दिवस सहित हिन्दी पखवाड़े का आयोजन करें।
5. मुख्य महा प्रबन्धक, व्यवसाय विकास एवं विपणन निदेशालय, डाक भवन, नई दिल्ली।

प्रदीप्त कुमार बिशोई
सचिव
Pradipta Kumar Bisoi
Secretary
फोन / Tel. : (+91-11) 2309 6060
फैक्स / Fax. : (+91-11) 2309 6077
ई–मेल / E-mail : secretary-posts@indiapost.gov.in
वेबसाइट / Website : www.indiapost.gov.in

सत्यमेव जयते

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

डाक विभाग
संचार मंत्रालय
भारत सरकार
डाक भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली-110001
Department of Posts
Ministry of Communications
Government of India
Dak Bhawan, Sansad Marg
New Delhi-110001

संदेश

14 सितंबर, 2020 को हिन्दी दिवस के विशेष अवसर पर देशभर के डाक विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं। आज के दिन हम इसे पर्व के रूप में मनाकर दुनिया में हिंदी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा हमारी हिंदी भाषा देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य भी करती है।

2. कोई भी देश स्व-भाषा के बिना स्वराज का बोध कदापि नहीं कर सकता है इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत की संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर, 1949 को हिन्दी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिया गया। इसी अनुक्रम में 26 जनवरी, 1950 में लागू भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार यह व्यवस्था की गई कि संघ सरकार की राजभाषा हिंदी होगी एवं इसकी लिपि देवनागरी होगी। हिंदी का हमेशा से मूल स्वर राष्ट्रीयता, भारतीयता और एकता रहा है और राजभाषा हिंदी सरकार एवं संपूर्ण देश की आम जनता के बीच में संवाद की भाषा होकर अपनी सार्थक भूमिका भी निभाती रही है।

3. भारत सरकार का प्रारंभ से ही प्रयास रहा है कि सरकारी कामकाज़ में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए। स्पष्ट है कि डाक विभाग पूरे भारत वर्ष में फैला आम जनता का विभाग है जो न केवल सभी नागरिकों के लिए आवश्यक डाक सेवाएं उपलब्ध कराने का सामाजिक दायित्व पूरा करने में मदद करता है बल्कि इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों के लिए भी उत्प्रेरक का काम करता है। डाक विभाग को अपनी नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने और इनके प्रभावी प्रसार-प्रचार एवं क्रियान्वयन के लिये राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को और अधिक बढ़ाना होगा जो आज की एक बड़ी अनिवार्यता बन गई है।

4. मैं डाक विभाग, मुख्यालय सहित समग्र भारत में फैले डाक विभाग के सभी डाक कार्यालयों में कार्यरत समस्त वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों से विशेष रूप से आग्रह करता हूं कि वे स्वयं अपना रोज़मर्रा का सरकारी कामकाज हिंदी में करें ताकि अन्य सभी कर्मचारियों को भी ऐसा करने की प्रेरणा मिले। हिन्दी के सरलतम रूप को अपनाते हुए हिन्दी में लिखना बहुत सरल है और वैसे भी अपनी भाषा में मौलिक लेखन से अभिव्यक्ति सहज और स्वाभाविक होती है जो अनुवाद की भाषा से संभव नहीं है। मैं साथ ही यह भी अपील करता हूं कि संघ की राजभाषा नीति का आधार सद्भावना, प्रेरणा और प्रोत्साहन है किंतु राजभाषा विभाग के नियमों एवं अनुदेशों का अनुपालन उसी प्रकार दृढ़तापूर्वक किया जाना चाहिए जिस प्रकार अन्य सरकारी अनुदेशों का अनुपालन किया जाता है। इसमें डाक विभाग की वेबसाईट का पूर्ण द्विभाषिकरण भी शामिल है।

आइए ! हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि अपना अधिकाधिक कार्य पूरे उत्साह और लगन के साथ राजभाषा हिन्दी में ही करेंगे और डाक विभाग में हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग को नए आयाम देंगे।

जय हिंद!

(प्रदीप्त कुमार बिशोई)

नई दिल्ली
14 सितंबर, 2020